फाटलम ने चौथी बार हासिल किया भारतीय महिला ओपन का खिताब



गोल्फर पोर्नानान्ग फाटलम

तीन वार की चैंपियन थाई गोल्फर ने फिर दिखाया दम, खिताव जीतने से चूकीं वाणी कपूर

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: गुरुग्राम में खत्म हुए हीरो महिला इंडियन ओपन में भारतीय गोल्फ प्रेमियों को एक बार फिर निराशा मिली जब डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में रविवार को थाईलैंड की अनुभवी गोल्फर पोर्नानान्ग फाटलम ने भारतीय गोल्फर वाणी कपूर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। तीन बार की चैंपियन फाटलम ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वाणी के पास साल 2016 के बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने का मौका था, लेकिन उनकी कोशिश सफल नहीं हो सकी।

पांच लाख अमेरिकी डालर की पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता में शनिवार को वाणी कपूर पांच अंडर 211 के स्कोर के साथ शीर्ष पर थीं। उन्होंने तीसरे दौर में लगातार दूसरी बार तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर बढ़त बनाई थी। हालांकि, उनकी बढ़त महज एक शाट की थी।

थाईलैंड की फाटलम और गत चैंपियन सिंगापुर की शैनन टैन चार अंडर 212 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर थीं। अंतिम दौर में फाटलम ने दबाव के बीच बेहतर प्रदर्शन कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। फाटलम 2008, 2009 और 2012 में भी इस प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं।